संख्या–1633/33–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज,
उत्तर प्रदश लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ दिनांकः 10 अगस्त, 2022

विषय–ग्राम पंचायतों में स्थापित एल0ई0डी0 लाईटों को समय से स्विच ऑन व ऑफ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1066/33–3–2021–38/2021 दिनांक 02.07.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से पंचायतों में एल0ई0डी0 लाईट लगाये जाने के निर्देश दिये गये है।

2– शासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय ग्राम पंचायतों में जो एल0ई0डी0 लाईट लगायी गयी है वह दिन में भी ऑन रह रही है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम पंचायतों में स्थापित एल0ई0डी0 लाईटों में आटोमैटिक सेन्सर लगाया जाये, जो पोल पर स्थापित किया जा सकता है। आटोमैटिक सेन्सर लगाये जाने तक एल0ई0डी लाईटो को समय से स्विच ऑन व ऑफ किया जाये। ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक के माध्यम से इस हेतु व्यवस्था बनायेगें। भविष्य में एल0ई0डी0 लाईटें आटोमैटिक सेन्सर के साथ लगाई जाए, जिससे लाईटें समयानुसार स्वतः स्विच ऑन व ऑफ हो जाय।

उपरोक्त आदेशों का प्रत्येक स्तर पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

भवदीय,

10.8.22

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांकः– तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त ग्राम प्रधान एवं सचिव, ग्राम पंचायत उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

Amit Sri.